# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- विधानसभा में आज पेश होगा बजट, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए बड़े ऐलान की संभावना।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मुंबई क्लाइमेट वीक में नवकरणीय ऊर्जा सत्र की करेंगे अध्यक्षता।
- इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आज पीएम नरेंद्र मोदी स्पेन, फिनलैंड और अन्य वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे।
- ग्वालियर के कुलैथ में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषक कल्याण वर्ष के पहले राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ।

## बजट–मुख्यमंत्री

विधानसभा में आज बजट पेश किया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सुबह 11 बजे इसे विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करेंगे। अगले साल 2027 में होने वाले पंचायत और निकाय चुनावों को देखते हुए यह बजट काफी अहम माना जा रहा है। इस बार सरकार महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए बड़े ऐलान कर सकती है और कुछ नई विकास योजनाओं की घोषणा भी कर सकती है। बजट पेश होने से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी जाएगी। यह मोहन सरकार का तीसरा और अब तक का सबसे बड़ा बजट माना जा रहा है।

## अनुपूरक बजट पेश–वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा

विधानसभा में कल वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने चालू वित्तीय साल का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। यह करीब 19 हजार 287 करोड़ रुपये का है। इसके साथ ही श्री देवड़ा ने साल 2024–25 का आर्थिक सर्वे भी सदन में रखा गया। इसमें बताया गया कि प्रदेश की जीडीपी करीब 11 प्रतिशत बढ़ी है और प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.69 लाख रुपये हो गई है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक 2025–26 में राज्य की कुल अर्थव्यवस्था का आकार करीब 16.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल से ज्यादा है।

## मुंबई क्लाइमेट वीक–मुख्यमंत्री

मुंबई क्लाइमेट वीक 2026 में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण से जुड़े नवाचारों पर प्रेजेंटेशन होगा। शाम 6.30 बजे से 8.10 बजे तक बीकेसी स्थित होटल सोफिटेल में मुख्यमंत्री रोडमैप और प्रेजेंटेशन का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश सरकार के प्रेजेंटेशन से यह दिखाया जाएगा कि प्रदेश ग्रीन एनर्जी और सतत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आयोजन में देश–विदेश के नीति–निर्माता, विशेषज्ञ और निवेशक हिस्सा लेंगे।

## प्रधानमंत्री–वैश्विक नेता मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसमें स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़, फिनलैंड के प्रधानमंत्री एंटी पेटेरी ओर्पो के साथ कई अन्य नेता शामिल हैं। वहीं कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई के लोकभवन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की. मुलाकात के बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देश मिलकर भारत में हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जिन्हें दुनिया भर में निर्यात किया जाएगा।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में प्रदेश का 'एमपी पेवेलियन' खास आकर्षण बना। यहां राज्य के 14 स्टार्ट–अप और सरकारी विभागों ने 'सशक्त भारत के लिए एआई आधारित सुशासन' पर अपने नवाचार दिखाए। इसके साथ ही कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल हेल्थ और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक उपयोग की झलक दिखाई गई।

## कृषक कल्याण वर्ष–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में कृषक कल्याण वर्ष के पहले राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे 87 करोड़ 86 लाख रुपए लागत के 41 विकास कार्यों का भूमि–पूजन और लोकार्पण भी करेंगे।

## जयपुर दौरा–केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कल जयपुर में चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह देते हुए कहा–

**शिवराज सिंह चौहान**

श्री चौहान ने जयपुर स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान का दौरा भी किया। यहां उन्होंने प्रयोगशालाओं और फील्ड में चल रहे शोध कार्यों का अवलोकन किया और वैज्ञानिकों व किसानों से चर्चा कर उनके अनुभव सुने।

## प्रमोशन–आरक्षण कमेटी–हाई कोर्ट

प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट में कल सुनवाई पूरी हो गई। सरकार ने बताया कि अब हर विभाग में अलग कमेटी बनेगी, जो प्रमोशन और आरक्षण के नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी। कोर्ट ने सरकार और कर्मचारियों के तर्क सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## पश्चिम बंगाल दौरा–केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। कोलकाता पहुंचने के बाद वे नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय जाएंगे। यहां वे श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## टी20 क्रिकेट

पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज तीन मैच खेले जाएंगे। सुबह 11 बजे दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात आमने–सामने होंगे। दोपहर 3 बजे कोलंबो में पाकिस्तान का मुकाबला नामीबिया से होगा, जबकि शाम 7 बजे अहमदाबाद में भारत और नीदरलैंड्स की टीम भिड़ेगी।

## मौसम

प्रदेश के 22 जिलों में आज के लिए आंधी, बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी किया गया है। प्रभावित जिलों में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर सहित कई अन्य इलाके शामिल हैं। दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मौसम में बदलाव होगा। गुरुवार को भी ग्वालियर–चंबल क्षेत्र में बारिश की संभावना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- नगर निगम खंडवा स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत "होम कंपोस्टिंग के हीरो" कार्यक्रम के तहत घरेलू स्तर पर होम कंपोस्टिंग करने वाले नागरिकों का सम्मान कर रही है।
- जबलपुर एवं नर्मदापुरम में जिला जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका की जानकारी दी गई।
- नर्मदापुरम में जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में से 81 समस्याओं का सफल निराकरण किया गया।
- पन्ना में नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित की जाएगी। जिसमें आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा।
- आत्मा परियोजना डिंडोरी के तहत जिले की महिला कृषकों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया ।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत विदिशा के 779 यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।
- शाजापुर के जिला आबकारी अधिकारी को शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही के आरोप में उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। और
- बैतूल के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में चल रही महिला एवं पुरुष राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन पिट्ठू प्रतियोगिता का कल समापन हुआ।

————————